**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन से हुई माह की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया। आयोजन से सभाकक्ष में देशभक्ति, अनुशासन और एकता का वातावरण निर्मित हुआ, जिससे माह का शुभारंभ हुआ।

## स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन संरचना पर कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुरई ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश 14 (1) अनुसार स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन संरचना, अध्यादेश 14(2) अनुसार स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु नवीन संरचना,स्वयं पोर्टल, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य बीएस बघेल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के डाइनिंग हॉल में पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अध्यादेश 14 (1) के प्रावधानों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य संवर्धन, कौशल विकास और बहुविषयक पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम,से शिक्षकों और छात्रों को परिचित कराना हैं। यह अध्यादेश शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को अनुसंधान का अवसर प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में अध्यादेश 14(1) की नवीन संरचना वर्ष 2025-26 में लागू होगी। डॉ राजेन्द्र कटरे ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से अध्यादेश के मुख्य बिंदुओं,मूल्यांकन विधि, क्रेडिट ट्रान्सफर आदि को विस्तार से समझाया। प्रो जेपी मरावी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य समग्र, समावेशी और बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्रों को अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा। डॉ तीजेश्वरी पारधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एमडीसी एक बहुविषयक पाठ्यक्रम हैं, जो छात्रों को उनके मेजर और माइनर विषयों के अलावा एक अलग विषय में ज्ञान प्राप्त करने की अनुमति देता हैं।

## बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस व प्रशासन की भूमिका कार्ययोजना विषय पर कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला प्रशासन व पुलिस की संयुक्त पहल अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर व महिला बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय नर्सिंग कॉलेज सिवनी में बाल विवाह मुक्त समाज हेतू कार्ययोजना तैयार की गई, जिला पुलिस की ओर से बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस की भूमिका विषय पर निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा विस्तार से संबोधित करते हुए बालक/बालिकाओ को बाल विवाह व लैंगिक अपराधों से सुरक्षा हेतू बाल विवाह निषेद्य अधिनियम 2006,पोक्सो एक्ट 2012,डॉयल 112,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 1090, साइबर हेल्प लाइन 1930, की जानकारी सांझा की गई व बाल विवाह रोकथाम हेतू विद्यालय स्तर पर काउंसलिंग, सोशल मीडिया से अनजान लोगों से होने वाले संपर्क से बालक,बालिकाओ को कैसे सुरक्षित करें, इस हेतू प्रत्येक जिले में महिला थाना, व प्रत्येक थानों में महिला ऊर्जा डेस्क व महिला अधिकारी की पदस्थापना,चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष व बाल कल्याण अधिकारी की नियुक्ति और बच्चों के गुम होने के प्रकरणों में गुम इंसान के साथ साथ अपहरण कीधाराओं में विवेचना और ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस किस तरह संवेदनशीलता से लगातार कार्य कर बच्चों को खोजकर उनके जीवन को सुरक्षित करती हैं

### विद्यालय में लटका ताला, लापरवाही की हदें पार करता कोड़रा टोला स्कूल

## विभागीय लापरवाही के चलते स्कूल बंद, मध्यान्ह भोजन से वंचित रहे बच्चे

**मंडला**

विकासखंड मंडला अंतर्गत ग्राम पंचायत जंतीपुर के पोषक ग्राम कुदई टोला स्थित प्राण शाण कोड़राटोला विद्यालय में विभागीय लापरवाही का आलम लगातार बढ़ता जा रहा है। विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ हैंए जिनमें से एक शिक्षक की ड्यूटी बीण्एलण्ओण कार्य में लगाई गई हैए जबकि दूसरी शिक्षिका बिना विभागीय सूचना के विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रही हैं।

शनिवार को विद्यालय बंद होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गईए जिसके बाद यह जानकारी बीईओ एवं संकुल प्राचार्य बिनैका तक पहुंचाई गई। तत्पश्चात अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था कराते हुए लगभग दोपहर 12 बजे स्कूल का ताला खोला गया। हालाँकिए आज सोमवार को फिर वही स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने दोपहर 1रू30 बजे पुनः विद्यालय बंद होने की जानकारी बीईओ मंडला को दीए जिस पर उन्होंने तत्काल व्यवस्था करने की बात कही।

इस संबंध में पालक.शिक्षा समिति के अध्यक्ष ब्रजेश मरावी ने बताया कि एक शिक्षक को अतिरिक्त कार्य के लिए कार्यालय जाना पड़ता हैए जबकि दूसरी शिक्षिका स्कूल नहीं आतींए जिससे विद्यालय अक्सर बंद रहता है। उन्होंने कहाए श्आज जब मैं स्कूल पहुँचा तो स्कूल बंद थाए बच्चे बाहर खेल रहे थे। ऐसे में झगड़े की आशंका को देखते हुए मैंने बच्चों को घर भेजा। यदि उन्हें स्कूल में रखताए तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेता




ब्रजेश मरावी ने आगे कहा कि विद्यालय बंद रहने की शिकायतें अब आम हो चुकी हैं। इसलिए इस मामले में ठोस विभागीय कार्रवाई आवश्यक हैए अन्यथा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाएगा।

फिलहाल स्थिति यह है कि आज भी मध्यान्ह भोजन से बच्चे वंचित रहे। समाचार लिखे जाने तक शाम 4 बजे तक स्कूल का ताला नहीं खुला। विभागीय अधिकारियों ने जांच और अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था की बात तो कही हैए परंतु तत्काल स्कूल खोले जाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुईए जो कि एक बड़ी विभागीय लापरवाही मानी जाएगी।

### इनका कहना है .

आज विद्यालय पहुँचने पर पाया कि विद्यालय पूर्णतः बंद था और कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं हुआ। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई तथा उन्हें मध्यान्ह भोजन से भी वंचित रहना पड़ा। यह हमारे मासूम बच्चों के अधिकारों के साथ अन्याय है। संबंधित विभाग से अनुरोध है कि इस लापरवाही पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए।

**ब्रजेश मरावी**
अध्यक्षए पालक शिक्षा समिति
कोड़राटोला

संकुल स्तर से शनिवार को ही विद्यालय हेतु एक शिक्षक की अस्थायी व्यवस्था कर दी गई थी तथा उन्हें आदेश की तामील भी करा दी गई थी कि स्थायी व्यवस्था होने तक वे विद्यालय का संचालन करें। किंतु संबंधित शिक्षक द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया हैए जिसकी सूचना बीईओ कार्यालय को प्रेषित कर दी गई है।

**ए.के. जैन**
प्राचार्यए संकुल केन्द्र बिनैकाए मण्डला

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गयाए तुरंत जांच कराई जाएगी दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

**रंजीत गुप्ता**
बीईओए मण्डला

## मुईन कुरैशी लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने के कारण जिला बदर

**मंडला,**

ग्राम भैंसवाही थाना नैनपुर निवासी मुईन कुरैशी पिता अब्दुल शाहिद कुरैशी,उम्र 45 वर्ष के द्वारा नैनपुर क्षेत्र में कारित की गई आपराधिक प्रवृत्तियों एवं शांतिव्यवस्था के प्रतिकूल गतिविधियों में संलिप्त होने से सामाजिक सदभाव के लिएगंभीर चिंता का विषय निर्मित हो गया है। अनावेदक कई वर्षों से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न है, जो लोगों के साथ मारपीट, विवाद करना, गौवंश तस्करी, गौवंश का वध कर मांस विक्रय करने का आदी हो गया है। जिसके विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक कार्यवाहियाँ की गई है, परंतु अनावेदक की आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुई हुआ है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी से प्राप्त आदेशानुसार आरोपी मुईन कुरैशी कोजिला बदर करते हुए राजस्व जिला मंडला तथा उसकी सीमा से संबंद्ध म.प्र. राज्य के राजस्व जिले जबलपुर, डिण्डौरी, बालाघाट एवं सिवनी की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है। जिस-जिस थाना क्षेत्र में निवास करें या आवागमन करें उसमें अपनी आने तथा प्रस्थान करने की सूचना दें तथा प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे क्षेत्राधिकार वाले थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं एवं नियत कालावधि में आरोपी बिना अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के उपरोक्त जिलों की सीमाओं के अंदर प्रवेश नहींकरेगा, ना ही अधिकार वाले थाने में हाजिरी देना बन्द करेगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त आदेश का पालन न करने, उल्लंघन करने या विरोध करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत अनावेदकको गिरफ्तार किया जाएगा तथा 3 वर्ष के कारावास व जुर्माने से दण्डनीय होगा। आदेश खुले न्यायालय में न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि क़ुरैशी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट और गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम के दसप्रकरण पंजीबद्ध है।

## बम्हनी के ग्रामीण क्षेत्रों में जुआ फड़ संचालन जुए के फड़ में लगता है लाखों का दांव

**बम्हनी-** बम्हनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में जुआ फड़ संचालित हो रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिसके कारण अवैध कारोबार फल फूल रहे हैं जानकारी के अनुसार बम्हनी के आसपास बरबसपुर और कातामाल तथा बाजा बोरिया मैं



बेखौफ जुआ खिलाया जा रहा इसके बाद भी इस पररोक या कार्रवाई की बात सामने नहीं आई है क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध गतिविधि खेल पर रोक लगाई जाए ताकि लोगों की मेहनत की कमाई बर्बाद ना हो जुआ के अवैध कारोबार की वजह से युवा इसकी लत में पढ़ रहे हैं जिससे उनका कैरियर चौपट हो रहा है साथ ही आए दिन विवाद की स्थिति भी बन रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जिला सुगम्य मतदान मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**मंडला**

*कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सुगम्य मतदान मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल ने बताया कि जिले में कुल 11266 दिव्यांग मतदाता हैं जिसमें पुरूष 5947 एवं 5319 महिला मतदाता हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 2003 की मतदाता सूची में जानकारी अनुसार मतदाता की पहचान की जायेगी। ऐसे दिव्यांग मतदाता जो मतदाता सूची में दिव्यांग के रूप में चिन्हांकित नहीं है, उन्हें एसआईआर के दौरान चिन्हांकित कर मतदाता सूची संबंधित संशोधन किये जायेंगे। पंचायत, क्लस्टर, जनपद, जिला लेबल पर हेल्पडेस्क स्थापित करें। विदित है कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र में व्हीलचेयर एवं रैम्प की व्यवस्था, वाहनों के लिए विशिष्ट पार्किंग एवं मतदान केन्द्रों में कतार में इंतजार किए बिना प्राथमिक आधार पर प्रवेश सुविधा, मतदान केन्द्रों तक निःशुल्क आवागमन सुविधा, गृह मतदान की वैकल्पिक व्यवस्था एवं दृष्टिहीन मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में ब्रेललिपि का प्रयोग। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र सिंह जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।*

## ऐतिहासिक शिव महापुराण को लेकर बैठक संपन्न, बनी रूपरेखा





**मण्डला।**

आने वाले वर्ष में एक भव्य और ऐतिहासिक शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर बीते दिनों नगर के पर्ल होटल में बैठक आयोजित की गई जहां आचार्य शशिकांत जी महाराज की पावन उपस्थिति में आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। विश्व हिन्दू परिषद के सहमंत्री सोनल बर्मन ने बताया कि वष 2026 में मध्यप्रदेश स्तर पर यह महायज्ञ विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप धारण करेगा। प्रदेश के 52 जिलों से यजमानों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर अनेक साधु-संतों पीठाधीश्वरों एवं धार्मिक गुरुओं का भी मंडला आगमन होगा जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त होगा। शिवपुराण के पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अपनी दिव्यता और अद्भुतता के लिए ऐतिहासिक होगी। इस शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, रंगोली कलाकार, उज्जैन की आतिशबाजी, तथा लगभग 3 हजार महिलाएं एक से वस्त्र धारण कर कलश शोभायात्रा में शामिल होंगी। कलश यात्रा में संत-महात्माओं की विशेष उपस्थिति रहेगी जो आस्था की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करेगी। आचार्य शशिकांत जी महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन 11 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ संपन्न होगा जिसमें श्रद्धालुजन आहुति प्रदान कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक दिन विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। शिवपुराण के पूर्व विविध धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजन भी किए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल मंडला, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय होगा जिससे आस्था एकता और सनातन परंपरा की भावना को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान नर्मदा भक्त नरेश कछवाहा, किशोर रजक, नीरज कोष्ठा, रोहित बघेल, विकास गुप्ता, श्रीमति उमा यादव, शीतल वैष्णव, श्रृद्धा बर्मन, प्रतिमा सिंधिया, सविता कछवाहा, साधना सिंह सहित अन्य धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## मवई छेत्र के ग्राम कुलवाखेरो की प्रसिद्ध मड़ई में शामिल हुए क्षेत्र की विधायक नारायण सिंह पट्टा

**भुआ बिछिया**

मंडला छेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने आज वनाँचल मवई के ग्राम की प्रसिद्ध भीमडोंगरी की सिद्ध मढ़यि कुलवाखेरो में आयोजित मड़ई यात्रा में सम्मिलित होकर संस्कृति परंपरा के आयोजनों में सहभागी बने। सिद्ध मढ़यि में पूजन कर फिर उन्होंने कुलवाखेरो में पूजन अर्चन कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सभी से मिले ओर बताया कि वनांचल छेत्र में बसे इन ग्रामों में आज भी अपनी संस्कृति को संजोए रखे कुलवाखेरो का यह ग्राम बहुत पुराने समय से प्रचलित ग्राम है यहां के लोग मडई मेले में मिलकर एक दूसरे से अपने परिचय और अपने सामाजिक संस्कृति की चर्चा करते हैं इन मडई मेंलो में मिलकर एक दूसरे से सामाजिकता का भाव प्रदर्शित करते हुए रिश्तेदारियां भी



जुड़ती हे दीपावली के बाद से गांव गांव में मडई मेलो का भरना एक बड़ा संयोग माना जाता है यही अवसर इन मुलाकातों का होता है , इस अवसर पर इस उत्सव में अनेक लोग शामिल हुए।

## 73 हजार 200 रूपए की मदिरा एवं लाहन जप्त



**मंडला,** -जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में ग्राम मधुपुरी में ग्राम की महिलाओं की उपस्थिति एवं सहयोग से आबकारी विभाग मण्डला द्वारा मदिरा के अवैध 2 अड्डों पर दबिस देकर 55 लीटर कच्ची मदिरा एवं 65 डब्बों में भरा लगभग 650 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। जप्त लाहन को घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया। 2 प्रकरण आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1) का पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा एवं लाहन की अनुमानित कीमत 73200 रूपए है। उक्त कार्यवाही के दौरानआबकारी बल उपस्थित उपस्थित रहे।

## हाईवे पर संचालित ढाबों का निरीक्षण करें, टीएल बैठक में कलेक्टर के निर्देश





**मंडला,**

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित टीएल (टाइम लिमिट) बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में हाईवे पर संचालित ढाबों का निरीक्षण करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जिलेमें अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बिना पंजीयन, मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सौ दिवस से अधिक समयसे लंबित शिकायतों पर फोकस करें और ऐसी सभी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतें लंबित न रहें, इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों में वसूले गए जुर्माने की राशि रेडक्रॉस सोसाइटी के खाते में जमा कराई जाए। पटवारी एवं राजस्व का समस्त मैदानी अमला फील्ड पर सक्रिय रहे, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने में लापरवाही नहीं हो। बैठक में उन्होंने 14 नवंबर से 16 नवंबर तक रामनगर एवं गढ़ मंडला में आयोजित किए जाने वाले 3 दिवसीय जननायक गोंड इतिहास के नृत्य नाटिका की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी का एक दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही जिला कोषालय अधिकारी द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि कोदो-कुटकी पंजीयन का कार्य 9 नवंबर तक किया जाना है। इसके लिए जिले के कोदो-कुटकी उत्पादक कृषकों का शतप्रतिशत पंजीयन कार्य पूरा कर लिया जाए। यह शासन की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। बैठक में उन्होंने विज़न डॉक्यूमेंट की विधानसभावार समीक्षा भी की और कहा कि यह दस्तावेज़ वर्ष 2047 के परिप्रेक्ष्य में तैयार किया जाए, जिससे जिले के विकास का दीर्घकालिक रोडमैप निर्धारित हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं को विज़न 2047 के लक्ष्यों से जोड़ा जाए, ताकि जिले के समग्र विकास की दिशा में ठोस परिणाम प्राप्त किए जा सकें। आगामी समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों, सीएम और सीएस मॉनिट के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागअपने-अपने दायित्वों का पालन करें ताकि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, समस्त एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ऑनलाईनवीसी के माध्यम से जुड़े थे।

## कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी किसान 9 नवंबर तक कराएं पंजीयन

**मंडला,** -उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि राज्य शासन द्वारा पहली बार कोदो और कुटकी फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की नीति लागू की गई है। यह निर्णय कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इन फसलों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 10 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 09 नवंबर 2025 कर दी गई है। अतः जिले के किसान निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।उप संचालक कृषि ने बताया कि शासन द्वारा कोदो का न्यूनतमसमर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3500 रूपये प्रति क्विंटलनिर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसानों को दोनों फसलों पर 1000 रूपये प्रति क्विंटल बोनस भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने की अपील करते हुए कहा कि यह योजना कोदो-कुटकीउत्पादक किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

# भक्तों की सुरक्षा पर संकटः पूर्णिमा पूर्व रात्री में नर्मदा मार्गों पर भारी वाहनों की रफ्तार बनी खतरा

## पूर्णिमा पूर्व रात्री में भक्तों के लिए खतरा बना भारी वाहनों का शोर-शराबा, रोक लगाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।







हमारे क्षेत्र के सौभाग्य है कि गाडरवारा तहसील से माँ नर्मदा का निकलना हुआ है, जिसके चलते हमारे क्षेत्र को बडी बड़ी मुश्वितों से माँ नर्मदा सदा ही रक्षा करती चली आ रही है। मॉ नर्मदाजी मे गाडरवारा क्षेत्र की ही नही बल्कि पूरा भारत वर्ष के श्रद्धालुओं की असीम आस्था है। मगर देखा जा रहा है के माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा की जाने वाली सभी घोषणाये मात्र एक दिखाबा साबित होने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों का जीवन भी असुरक्षित महसूस किये जाने लगा है। हर माह पूर्णिमा के अवसर पर जहां नर्मदाजी के हर घाट पर भक्तों का मेला लग जाता है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पहले से ही क्षेत्र की सड़को से जहां सैकड़ो संख्या में भक्त सरे भरने के साथ पैदल जत्थाओं के रूप में निकलते है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पूर्व रात्रि का महौल तो इस तरह से देखने मिलता है कि नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो पर मानो जन सैलाब समाने का नाम ही नही लेता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो से जिस तरह रात भर भारी भरकम डम्फरों सहित अन्य वाहनों की धमाचौकड़ी रहने के कारण इन भक्तों के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पाता है? इस बात की सच्चाई बीते हुये कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल भी चुकी है जब केकरा घाट सरे भरते हुये जा रही भक्तों के ऊपर एक वाहन के चढ़ जाने के कारण उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पाई थी? इसी बात को ध्यान में रखते हुये नर्मदा भक्तों द्वारा शासन प्रशासन के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से मांग की जा रही है कि हर माह यानि की पूर्णिमा के पूर्व रात्रि पर नर्मदा की ओर जाने वाले मुख्य मार्गो पर भारी भरकम वाहनों में मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर एक रात के लिये प्रतिबंध लगना चाहिये। क्योंकि कल बुधवार को पंचकोशी परिक्रमा व स्नान पूर्णिमा के चलते निश्चित ही आज मंगलवार की रात को माँ नर्मदाजी की ओर जाने वाले मार्गो पर पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूक पायेगी। इसलिये आज की रात जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों नर्मदा भक्तों द्वारा अपेक्षा जताई गई है कि आज रात नर्मदाजी की ओर जाने वाले प्रमुख रूप से गाडरवारा से केकरा घाट तथा अन्य सभी मार्ग पर रात्रि के समय भारी वाहन मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाने के आदेश देना चाहिये। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो सरकार द्वारा माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर आये दिन बड़ी बडी घोषणाये तो की जाती है। मगर उन पर अमल नही होने के कारण माँ नर्मदा लगातार प्रदूषित होने से नही बच पा रही है। यह बात अलग है कि माँ नर्मदा क्षेत्र के हर तबके के लोग मॉ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए क्या क्या कर रहे है यह बात सभी जानते है। मगर आये दिन देखा जाता है कि क्षेत्र की पावन माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए लोगों द्वारा जहां सफाई अभियान चलाते हुए उसे प्रदूषण व गंदगी से मुक्त किया जा रहा है। वही कुछ लोग इस प्रकार के भी देखे जात है तो माँ नर्मदा की कृपा से अपना जीवन संभार रहे है जिसके चलत जहां प्रतिवर्ष सैकड़ो लोगों द्वारा माँ नर्मदा की सुबह शाम जहां माँ नर्मदा की आरती व पूजन करने के साथ साथ हर माह अमावस्या व पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदाजी की शरण में सरे भरने से लेकर नंगे पैर पैदल पहुंचते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से आस्थावान लोगों के चलते माँ नर्मदा के हर घाटों पर मेले का स्वरूप देखने मिलता है और वही दूसरी ओर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो माँ नर्मदाजी में गंदगी फैलाने से नही चूकते है...? मॉ नर्मदा में पूजन करने का तरीका भी अनोखा होता है जो अपने घर की पूजन हवन सामग्री सहित अन्य सामग्री बड़े बड़े पालीथिनो मे लेकर पहुंचते है वही सामग्री माँ नर्मदा के निर्मल नीर में छोड़ते हुये गंदगी फैलाते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से अपने घरों से लाई गई हवन पूजा सामग्री पालिथिन सहित नर्मदा जल मे डालकर मॉ नर्मदा के अमृत जल को प्रदूषित एवं गंदा करने से रोकने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसके लिये लगातार प्रयास होते रहना चाहिये।

## खबर संक्षेप



### सांईखेड़ा झिकोली के बीच अनियंत्रित ट्राला टकराया पेड़ से

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। क्षेत्र की सड़को पर एनटीपीसी की राख व कोयला परिवहन करने वाले भारी भरकम डम्फरों की मनमानी गति के चलते जहां आये दिन क्षेत्र में घटनायें घटित होना आम बात हो चुकी है। बताया जाता है कि इनकी गति पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि क्षेत्रवासियों की जिन्दगी खतरे में खाली दिखाई नही दे रही है। बीते हुये शनिवार को सांईखेड़ा मार्ग के झिकोली के पास दुर्घटना ग्रस्त हुये एक ट्राला की सच्चाई को देखते हुये अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि उसकी गति किस प्रकार से होगी जो खुद ही पेड़ से टकराते हुये क्षतिगस्त होने से नही बच पाया है..?

### राज्य स्तरीय शालेय रोप स्किपिंग में आमगांव छोटा स्कूल के बच्चों ने किया नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जब स्कूल के बच्चें किसी प्रकार के आयोजन में सफलता हासिल करते है तो निश्चित उनकी सफलता शिक्षण संस्था को गौरव शाली बनाने ने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ आमगांव छोटा के छात्र छात्राओं की सफलता के चलते देखने मिल रही है। बताया जाता है कि गत 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जबलपुर में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय रोप स्किपिंग प्रतियोगिया में जबलपुर सँभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा के प्रतिभगियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस आयोजन में संस्था के विद्यार्थियों ने 4 स्वर्ण, 7 रजत एवं 4 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक जीतकर शाला एवं जिले का नाम रोशन किया। बताया जाता है कि पीटीआई मुकेश पटैल के निर्देशन में ग्रामीण परिवेश से निकलकर राज्य स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करना वाकई में प्रशंसनीय है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे एवं समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।

# नर्मदा पुराण के पांचवे दिवस घाटों के महत्व का वर्णन सुनाया, ब्रम्हाजी की तपों भूमि बरमान घाट मनोरम स्थल माना जाता है : वीरेन्द्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।





समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव में साई धाम मंदिर समिति द्वारा आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय माँ नर्मदा के संगीतमय नर्मदा पुराण में जहां प्रतिदिन भक्तों का हुजुम लगते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर कथा व्यास वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा जिस तरह माँ नर्मदा की महिमा का वर्णन सुनाया जा रहा है उसके चलते भक्त भाव विभोर होने से नही चूक रहे है। इस तरह नर्मदा पुराण आयोजन के पांचवे दिवस वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा माँ नर्मदाजी के तटों का वर्णन सुनाते हुये कहा कि माँ नर्मदाजी के हर घाट का एक अलग ही महत्व है। मुख्य रूप से देखा जावे तो हमारे क्षेत्र के बरमान घाट जहां पर भगवान ब्रम्हाजी ने खुद ही तपस्या की गई थी इसी के चलते नर्मदा पुराण में इस घाट का अलग महत्व है। यहा दर्शन करने से अनेक घाटों के दर्शन करने का पुन्य प्राप्त होता हैं।। नर्मदा व भगवान शंकर की आराधना करने वाले को कभी भी कष्ट नहीं उठाने पड़ते हैं। उनकी भक्ति में वह शक्ति है जो मनुष्य मात्र को ईश्वर से जोड़ देती है। मनुष्य को समय और संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए। जिन- जिन ने इन दोनों का सदुपयोग नहीं किया तो दर-दर की ठोकरें खाना पड़ी। इसलिए समय और संपत्ति का हमेशा सदुपयोग करना चाहिए। नर्मदा नदी ही नहीं है, बल्कि यह मां का साक्षात स्वरूप है। इसलिए नर्मदेश्वर भगवान का जो पूजन करते है। उसका उद्धार हो जाता है। नर्मदा को नमस्कार कर नर्मदा का नामोच्चारण करने से सर्प दंश का भय नहीं रहता है। कहते हैं मां की दुआओं के हजारों हाथ होते हैं। यदि आपके सिर पर मां का हाथ है तो फिर दुनिया की कोई भी आसुरी शक्ति आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। यदि आप ग्रहों की चाल से परेशान हैं और कष्ट आपका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं तो आप माँ नर्मदाजी की आराधना से अपनी बाधाओं को पलभर में दूर कर सकते हैं। मां नर्मदा का आशीर्वाद आपको हर बुरी बलाओं से बचा सकता है। क्योंकि माँ नर्मदाजी अपने भक्तों को सदा ही आनंद तत्व , ज्ञान तत्व सिद्धि तत्व ,मोक्ष तत्व प्रदान कर, शास्वत सुख शांति प्रदान करती हैं। माँ नर्मदा का रहस्य कोई भी ज्ञानी विज्ञानी नहीं जान सकता है, माँ नर्मदा अपने भक्तो पर कृपा कर स्वयं ही दिव्य द्रष्टि प्रदान करती है। नर्मदा का कोई भी दर्शन नहीं कर सकता है नर्मदा स्वयं भक्तों पर कृपा करके उन्हें बुलाती है। नर्मदा के दर्शन हेतु समस्त अवतारों में भगवान स्वयं ही उनके निकट गए थें। माँ नर्मदाजी सुख ,शांति , समर्धि प्रदायनी देवी हैं। नर्मदा वह अम्र तत्व हैं, जिसे पाकर मनुष्य पूर्ण तृप्त हो जाता है। नर्मदा देव एवं पितृ दोनो कार्यों के लिए अत्यंत पवित्र मानी गई हैं। इसीलिये नर्मदा का सारे देश में श्री सत्यनारायण व्रत कथा के रूप में इति श्री रेवा खंडे कहा जाता है। श्री सत्यनारायण की कथा अर्थात घर बैठे नर्मदा का स्मरण माना जाता है। माँ नर्मदाजी में सदाशिव, शांति से वास करते हैं। इसीलिये कहा जाता है कि जहाँ नर्मदा हैं और जहां शिव हैं वहां नर्मदा हैं।

# आत्मनिर्भर हिंदुस्तान बनाने के लिये हमारी मेहनत का बढ़ावा देना है, जीएसटी की कटौती से दीवाली त्यौहार पर देखने मिली रौनकः मंत्री सिंह



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा गाडरवारा द्वारा नगर के सुखदेव भवन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी मुहिम आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत व्यापारी ,उद्यमी एवं प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि दल से बड़ा देश होता है। आत्मनिर्भर हिंदुस्तान के लिए हमें वह सामान अपनाना है जिसमें देश के नागरिक का पसीना लगा हो। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री द्वारा घटाई गई जीएसटी का असर दीपावली त्यौहार के दौरान व्यापार में देखने को मिला है। इसी प्रकार से कार्यक्रम में सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि मोदी के युग मे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होते नजर आ रहा है। देश की प्रगति की लिए हमे स्वदेशी सामान अपनाना होगा। इसी प्रकार से क्षेत्र के विधायक व मध्य प्रदेश शासन के स्कूली शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। क्योंकि जिस तरह केन्द्र ने जीएसटी कम करने का फैसला लिया है। वह व्यापारियों के लिए फायदे मंद है उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। वही दूसरी ओर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक मुफ्त इलाज देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की देन है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री हर वर्ग की चिंता करते जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिसका लाभ



देश वासियों को मिल रहा है । हम सभी आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री के हर घर स्वदेशी घर घर-घर स्वदेशी संकल्प को आगे बढ़ाएं । कार्यकम में पूर्व विधायक नरेश पाठक, श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा , भाजपा नेता मुकेश मरैया , सुश्री अंजू शुक्ला , सांईखेड़ा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, नरेश कौरव, राजेश गुर्जर, सुरेश मामोलिया के आलवा पार्षद श्रीमती पूजा तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, हंसराज मालपानी, अनिल लूनावत, नवनीत चाचा, राजेंद्र साहू , राजेश जैन , घन श्याम राजपूत, कीरत सिंह गुर्जर सहित व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित व्यापारियों को नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ शपथ दिलाई।

# किसान सभा ने अन्नदाताओं की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस समय क्षेत्र का अन्नदाता किसान प्रकृति की मार झेलते हुये जिस तरह परेशानियों से जूझते हुये देखा जा रहा है। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश किसान सभा गाडरवारा द्वारा किसानों सहित आमजन की जनसमस्याओं के निराकरण की मांग करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे गाडरवारा को ज्ञापन सौपा गया। बताया जाता है कि सौपे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश में अति वर्षा से धान एवं सोयाबीन की फसल खराब हो गई है,,राज्य सरकार द्वारा किसी भी तरह की किसानों के प्रति सर्वे की घोषणा एवं मुआवजे की बात नहीं की जा रही है। इस स्थिति में अन्नदाता किसान आत्महत्या जैसे कदम उठा रहा है। इसी प्रकार से हमारे जिले में अति वर्षा से धान एवं सोयाबीन की फसल 50% तक खराब हो गई है। मगर सरकार द्वारा किसानों को किसी प्रकार से मदद करते हुये दिखाई नही दे रही है। वही दूसरी ओर सरकार पराली जैसे अवशेषों पर ना जलाने को लेकर आदेश जारी कर किसानों के घाव पर नमक छिड़क रही है। जबकि प्रदेश में कई फैक्ट्रियों द्वारा लगातार प्रदूषण एवं धुआ उगल रही है जो प्रदूषण का मुख्य कारण है। जबकि किसानो से होने वाला प्रदूषण मात्र 8% रहता है। मगर इसके बाद भी किसानों पर सख्ती बरती जा रही है। इम इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते है कि C 2+50 के आधार पर एम एस पी गारंटी कानून बनाया जाये। पराली न जलाने वाला आदेश वापस लिया जाए एवं पहले किसानों को पराली इकट्ठा करने वाली मशीन उपलब्ध कराई जावे। अति वर्षा से



फसल नष्ट होने से आत्महत्या करने वाले किसानों को 50 लाख मुआवजा एवं एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जावे। अधिक वर्षा से खराब हुये फसलों का तत्काल सर्वेकर मुआवजा दिया जावे। किसानों के सभी कर्ज माफ करने के साथ बकाया बिजली बिल माफ किए जावे। वही किसानों की बची हुई धान सोयाबीन पानी लगने से होने वाली F A Q गुणवत्ता में छूट दी जावे तथा सभी किसानों की उपज शुरुआती दिन से खरीदी की जावे। वही इस समय बिजली विभाग द्वारा लोगों के घरों में रोक लगने के बाद भी जिस तरह जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है उस पर तुरंत रोक लगाई जावे। गन्ना उत्पादन किसानों को रिकवरी के 50% आधार खरीदी सुनिश्चित कि जाय एवं गन्ने का रेट 450 रुपए प्रति कुंटल निर्धारित किया जाय। इसके आलवा अन्य मांगे और शामिल थी।

# नगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों की बैठक





गाडरवारा। नगर में आने वाले 13 नम्बर से लगने वाले खेत के महाकुंभ की तैयारियों में जहां संपूर्ण प्रशान जुटा हुआ देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर बीते हुये दिवस प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इस राष्ट्रीय शालेय अंडर -19 व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा स्थानीय अनुविभागीय कार्यालय के सभागार में की गई। बताया जाता है कि उन्होंने बैठक में नगर पालिका, पुलिस, संस्कृति, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, खेल, विद्युत एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आयोजन की सभी व्यवस्थाएँ समय पर और सुचारू रूप से पूर्ण की जा सकें। इस अवसर पर मंत्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है जो कि हम सभी के लिए बडे ही गौरव की बात होने के साथ साथ चुनौती पूर्ण कार्य है। पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी का आयोजन सभी ने अच्छे व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया था। इस आयोजन को भी हम सभी संकल्प के साथ सफल बनाने के लिये प्रयास करना है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशो से खिलाडियों के आलवा उनके कोच और ऑफिसियल्स सहभागिता करेंगे। जिसके चलते सभी के लिए आवास, भोजन एवं परिवहन की बेहतर व्यवस्थाएं मिले ऐसा उद्देश्य लेकर सभी कार्य करे। मंत्री सिंह ने बैठक में कहा कि गाडरवारा क्षेत्र एवं जिले के लिए नेशनल स्पर्धा की इस दूसरी बड़ी उपलब्धि में सभी विभागों से अपेक्षा है कि वे अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप तैयारियों को सुनिश्चित करें, जिससे यह आयोजन जिले एवं प्रदेश की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वही बैठक में मुख्य रूप से नपा अध्यक्षशिवाकांत मिश्रा, पूर्वजनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, आनंद दुबे, घनश्याम राजपूत, चंद्रकांत शर्मा, प्रियांक जैन, शैलेन्द्र जैन, संजय राजोरिया, अरुण बडकुर सहित एसडीएम कलावती ब्यारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा,जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, तहसीलदार प्रियंका नेताम, थाना प्रभारी विक्रम रजक के आलवा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थें।

# शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शुरू हुई अर्धवार्षिक परीक्षायें

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। पढ़ाई की गुणवत्ता परखने के चलते शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों की मुख्य परीक्षा के आलवा तिमाही व छः माही परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते सोमवार से सभी क्षेत्रीय शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाओ का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार प्रारंभ हो गया। जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे से 1 बजे तक कक्षा 9 एवं 10 वी एवं



दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक कक्षा 11 वी एवं 12 वी की परीक्षायें प्रारंभ हुई। शुरुआती दिन कक्षा 9 वी की परीक्षा सामाजिक विज्ञान तो कक्षा 10 वी की विज्ञान विषय। वही कक्षा 11 वी की हिंदी एवं कक्षा 12 वी की परीक्षा भौतिक शास्त्र /अर्थशास्त्र विषय के साथ शुरू हुई। ज्ञात हो कि परीक्षा के पूर्व गोपनीय सामग्री स्कूलों द्वारा नगर के बीटीआई स्कूल एवं उत्कृष्ट स्कूल चीचली से वितरित की गई थी जिसे स्कूलों द्वारा नजदीकी थानो में जमा भी करवा दिया गया था। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं फ़रवरी माह में शुरू हो रही हे जिसकी तैयारी हेतु इस परीक्षा को अहम माना जा रहा है।















## खबर संक्षेप

### सचिव विहीन पंचायतों में रोजगार सहायकों को दिया जाए सचिव का प्रभार



डिंडौरी। जनपद पंचायत डिंडौरी के सदस्य संतोष सिंह चंदेल (क्षेत्र क्रमांक 17) ने जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी को पत्र लिखकर सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायकों को सचिव का प्रभार सौंपने की मांग की है।चंदेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत कुल 70 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से मात्र 56 पंचायतों में नियमित सचिव कार्यरत हैं, जबकि लगभग 14 पंचायतें सचिव विहीन हैं। इन पंचायतों में अन्य पंचायतों के सचिवों को डबल प्रभार सौंपा गया है, जिससे पंचायतों के विकास कार्यों में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है।उन्होंने बताया कि एक ही सचिव द्वारा दो पंचायतों का कार्यभार संभालने से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है, साथ ही पंचायतों के अभिलेख और जनहित कार्यों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। चंदेल ने कहा कि पूर्व में मध्यप्रदेश शासन ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि सचिव विहीन पंचायतों में रोजगार सहायकों को अस्थायी रूप से सचिव का प्रभार सौंपा जाए, लेकिन इस आदेश का पालन अब तक प्रभावी रूप से नहीं हुआ है।वहीं उन्होंने जिला प्रभारी मंत्री से अनुरोध किया कि सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में शीघ्र ही रोजगार सहायकों को सचिव का प्रभार देने के निर्देश जारी किए जाएं, जिससे पंचायतों के विकास कार्यों को गति मिल सके और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त हो सके।

### शहपुरा मेला बना वारदात का मैदान अज्ञात बदमाशों ने युवक पर किया जानलेवा हमला



शहपुरा - डिंडोरी जिले के शहपुरा में आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक मड़ई मेले में रविवार की रात एक चाकूबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मेले में पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही शहपुरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को शहपुरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि घायल युवक की पहचान राजू साहू पिता मुकेश साहू निवासी ग्राम कठौतिया के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि घटना मेले में किसी आपसी विवाद के चलते हुई, हालांकि सटीक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। ऐतिहासिक मड़ई मेले में हजारों की भीड़ मौजूद थी, ऐसे में इस वारदात से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठाए हैं।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान धावाडोंगरी के विक्रेता पर अनाज गबन का मामला दर्ज



डिंडौरी । शासकीय उचित मूल्य दुकान धावाडोंगरी में अनियमितताओं की जांच के दौरान भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम ख़ान द्वारा की गई जांच में पाया गया कि दुकान संचालक छत्रपति मरावी द्वारा 222.77 क्विंटल चावल, 56.39 क्विंटल गेहूं, 54 किलो शक्कर तथा 40 किलो मूँग की अफरा-तफरी कर गबन किया गया है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग के आदेशानुसार सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम ख़ान द्वारा आज 3 नवम्बर 2025 को पुलिस थाना गाड़ासरई में विक्रेता छत्रपति मरावी के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। विक्रेता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 316(5) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत अपराध क्रमांक 312/2025 दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

# विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा, जनहित के कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।





डिंडौरी ।

बैठक में जिले के विभिन्न विभागों जल संसाधन, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, नगर परिषद डिंडौरी एवं शहपुरा, नर्मदा घाटी प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा एनआरएलएम की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने लंबित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें और जनहित से जुड़े कार्यों में गति लाएँ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से संबंधित योजनाएँ समय पर पूर्ण हों तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

### कृषि विभाग पर सख्त निर्देश

प्रभारी मंत्री ने उपसंचालक कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर खाद, बीज, सरसों, सोयाबीन और मसूर उपलब्ध कराए जाएँ ताकि किसान अपनी फसलों की बुआई समय पर कर सकें। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने बैठक में कहा कि कई बार किसानों को खाद-बीज समय पर नहीं मिल पाते हैं कृ सोयाबीन का बीज देर से आया, जिससे किसानों को वितरण नहीं हो सका। इस पर मंत्री श्रीमती बागरी ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए और कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो। उन्होंने आगे कोदो-कुटकी प्रसंस्करण इकाइयों एवं तेजस्विनी महिला संघों के माध्यम से मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट संचालित करने के निर्देश भी दिए।

### निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

मंत्री श्रीमती बागरी ने विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की जिनमें सांदीपनी विद्यालय, आईटीआई भवन, उपस्वास्थ्य केन्द्र, 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आईपीएचएच लैब जिला चिकित्सालय, महाविद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, अटल ग्राम सुशासन भवन एवं सामुदायिक भवन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएँ, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं जनमन, धरती आबा, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मेडिकल मोबाइल यूनिट, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी केंद्र, छात्रावास एवं विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को गंभीरता से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कोई भी शासकीय भवन, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाडी भवन, पंचायत भवन एवं किसी भी प्रकार के नव निर्मित भवन को बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव या ग्राम पंचायत में एकत्र सभी लोगों को नवीन भवन की जानकारी देते हुए कि भवन तैयार हो गया है जिस हैण्डओवर लिया जाना है इस संबंध में पूर्ण तैयार की चर्चा की जाए यदि किसी प्रकार की कमी रहती है तो उसे हैण्डओवर न लिया जाए। मंत्री श्रीमती बागरी ने लखपति दीदी, जल गंगा संवर्धन, एक बगिया माँ के नाम, आयुष्मान कार्ड, लोक चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सिकल सेल एवं एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण अभियानों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारियों को ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँच सके समीक्षा बैठक के दौरान हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मंत्री के समक्ष जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पाटनगढ़ आर्ट और जियो टैग आधारित गोंडी चित्रकला जिला, राज्य और विदेशों में ख्याति प्राप्त कर रही है। उन्होंने वन विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य कार्यों की भी जानकारी दी।अंत में मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। अधिकारीगण जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर योजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दें।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं हुआ किसानों की फसलों का सर्वे

# बेमौसम बारिश से चौपट हुई फसलें, विभागीय अमला नदारद



डिंडोरी/शहपुरा।

जिले में इस समय हो रही बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। लगातार हो रही वर्षा से धान की फसलें खेतों में गिर गई हैं, जिससे इल्ली और हल्दीगाठी रोग का प्रकोप भी बढ़ रहा है।बढ़ती शिकायतों को देखते हुए जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित विभागों को किसानों के खेतों में जाकर सर्वे करने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन कलेक्टर के आदेश के बावजूद अब तक कोई भी विभागीय अमला गांवों तक नहीं पहुंचा है।किसानों का कहना है कि बारिश और आंधी-तूफान ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसलें सड़ने लगी हैं, लेकिन न तो कोई अधिकारी हाल-चाल जानने आया और न ही नुकसान का सर्वे किया गया। किसानों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी किसानों की समस्याओं से बेपरवाह बने हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि फसलों की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, और यदि समय पर सर्वे नहीं किया गया तो नुकसान का आकलन करना मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सर्वे कर राहत राशि प्रदान करने की मांग की है।

# बसपा बूथ एजेंटों का होगा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

डिंडोरी।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश कार्यालय भोपाल में मध्य प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं विधानसभा अध्यक्षों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइनों का पालन करते हुए सभी कार्य पूरी तत्परता से करने के निर्देश दिए गए।डिंडोरी जिले से बसपा जिला अध्यक्ष मो. असगर सिद्दीकी ने बैठक में भाग लिया। उन्होंने जानकारी दी कि जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में बसपा के बूथ लेवल एजेंट (BLA) नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी एजेंटों को प्रशिक्षण देने के लिए दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शहपुरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 103 में 4 नवम्बर को तथा डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 में 5 नवम्बर को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा।प्रशिक्षण के दौरान बीएलए को यह सिखाया जाएगा कि वे जिला प्रशासन के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ मिलकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और पता सुधार जैसी प्रक्रियाओं में सहयोग करें। नए मतदाताओं के लिए फार्म नंबर 6, नाम हटवाने के लिए फार्म नंबर 7 और



पहचान पत्र में सुधार हेतु फार्म नंबर 8 भरवाए जाएंगे।जिला अध्यक्ष सिद्दीकी ने बताया कि पार्टी के सभी विधानसभा अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता इन सभी प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी रखें, ताकि वे मतदाताओं को सही मार्गदर्शन दे सकें। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता, बूथ लेवल एजेंट या राजनीतिक दल का प्रतिनिधि मतदाता सूची में संबंधित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। इन आपत्तियों का निराकरण होने के बाद ही अंतिम मतदाता सूची (फाइनल वोटर लिस्ट) जारी की जाएगी।यदि कोई मतदाता अंतिम सूची से असंतुष्ट है, तो वह जिलाधिकारी (कलेक्टर) के समक्ष प्रथम अपील तथा आवश्यकता पड़ने पर राज्य मुख्य निर्वाचन कार्यालय में द्वितीय अपील दाखिल कर सकता है।

## ऑपरेशन मुस्कान में डिंडौरी पुलिस की पहल

### बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम



**डिंडौरी।** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षा एवं दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत डिंडौरी पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।इसी क्रम में थाना करंजिया पुलिस ने माध्यमिक विद्यालय परसेल में छात्र-छात्राओं को अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकारों और अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।थाना मेहंदवानी क्षेत्र में भी पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर स्कूली बच्चों को ऑपरेशन मुस्कान के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्हें समझाया गया कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस, शिक्षकों या अभिभावकों से सहायता लें। साथ ही, बच्चों को डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई।इसी प्रकार थाना समनापुर क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर में भी पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को जागरूक करते हुए उन्हें सतर्क, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया ऑपरेशन मुस्कान अभियान का मुख्य उद्देश्य नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी, पुनर्वास और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

# ऑपरेशन मुस्कान में शहपुरा पुलिस की सराहनीय सफलता, अपहृत नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद

डिंडोरी।

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोज एवं सुरक्षित दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत शहपुरा पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक डिंडोरी श्रीमती वाहिनी सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, महिला सुरक्षा डीएसपी श्री पुरुषोत्तम मरावी तथा एसडीओपी शहपुरा श्री अजय तिवारी के मार्गदर्शन में थाना शहपुरा की टीम ने यह सराहनीय कार्य किया।थाना शहपुरा में दर्ज अपराध क्रमांक 538/2025, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपहृत नाबालिग बालिका की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 2 नवम्बर 2025 को बालिका को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री अनुराग जामदार, उपनिरीक्षक श्री मनीराम मरावी, प्रधान आरक्षक कमलेश मरावी (क्रमांक 37) तथा महिला आरक्षक महिमा भगत (क्रमांक 394) का विशेष योगदान रहा।ऑपरेशन मुस्कान अभियान का उद्देश्य लापता एवं अपहृत नाबालिग बच्चों की सुरक्षित दस्तयाबी, पुनर्वास एवं समाज में सुरक्षा तथा जागरूकता की भावना को सशक्त बनाना है।



## प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने नगरीय विकास कार्यों की समीक्षा की

# महत्वपूर्ण योजनाओं की डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश



डिंडौरी ।

जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर परिषद डिंडौरी और शहपुरा की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने नगर परिषद डिंडौरी और शहपुरा के मुख्य नगर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नगर के बाजारों एवं वार्डों में किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। उन्होंने कहा कि "घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए, ताकि उसका उचित निदान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने नगर परिषद क्षेत्रों में राजस्व वृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि "नगर परिषद में आय की वृद्धि हेतु नए कर, दुकानों का किराया तथा अन्य आय के स्रोत बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाएँ।" उन्होंने बताया कि नगर परिषद का बिजली बिल लगभग 12 लाख रुपये प्रतिमाह आता है। इस व्यय को कम करने के लिए सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे नगर निकाय की ऊर्जा लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी।

बैठक के दौरान पार्षदों ने सीवर लाइन की गलत बिछाई गई पाइपलाइन से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी दी। इस पर मंत्री श्रीमती बागरी ने संबंधित एजेंसी को 15 दिनों के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। समीक्षा के दौरान नगर परिषद सीएमओ डिंडौरी और शहपुरा ने बताया कि नगर में नल जल योजना के तहत पूरे शहर में 6453 नल कलेक्शन चालू हैं डिंडोरी में 3753 एवं शहपुरा में 2700 कलेक्शन संचालित हैं जिससे शुल्क लेकर नगर परिषद के विकास कार्यों में उपयोग किया जाता है। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन में नगर के कई महत्वपूर्ण कार्यों जैसे माँ नर्मदा नदी में झूला पुल निर्माण, चैनल फाटक निर्माण, गंदे नालों के लिए ट्रीटमेंट प्लांट, घर-घर कचरा संग्रहण और उसके निष्पादन की कार्य योजना, तथा निकाय में गौशाला निर्माण एवं पर्यटन के विकास हेतु नर्मदा नदी में पानी को रोककर वाटर स्पोटर्स एवं नाव संचालित कर पर्यटन स्थल निर्माण किया जाएगा जिससे स्वरोजगार और नगर परिषद के आय में वृद्धि होगी। जिस पर प्रभारी मंत्री ने सुझाव दिए कि सबसे पहले नगर में विकास कार्य किए जाएं ताकि आम जनता बच्चों, खिलाडियों लोक कलाकारों को सुविधाएं उपलब्ध करायीं जाएं जिससे शुल्क में वृद्धि होगी। साथ ही साथ नगर में चौपाटी, महत्वपूर्ण दुकानें संचालित की जाएं। नगर के पार्षद एवं अध्यक्ष ने पर्यटन के विकास के 5 करोड़ के प्रस्ताव रखे जिस पर प्रभारी मंत्री ने सीएमओ से कहा कि पहले आप पर्यटन विभाग के विशेषज्ञों से सर्वे कराएं और डीपीआर तैयार करें जिससे सर्व सुविधायुक्त पर्यटन स्थल का विकास हो सकेगा। मंत्री ने बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया मंत्री श्रीमती बागरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी प्रस्तावित कार्यों की वृहद डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए, ताकि योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त कर क्रियान्वयन के चरण में लाया जा सके।

## मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर डिंडौरी में भव्य जिला स्तरीय समारोह सम्पन्न

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में हुआ आयोजन – मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं मुख्य अतिथि

डिंडौरी । मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 3 नवम्बर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के आगमन से हुआ। मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंत्री श्रीमती बागरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रविदत्त राय एवं श्री जानकी प्रसाद गुप्ता का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मंत्री श्रीमती बागरी का गोंडी पेंटिंग एवं पौधे भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात मध्यप्रदेश गीत का सामूहिक गायन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह में गौरव एवं एकता की भावना को प्रबल किया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति के उपरांत स्वागत उद्बोधन में जिले की विकास यात्रा और उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि "मध्यप्रदेश की 70 वर्षों की यात्रा विकास, समर्पण और जनकल्याण की कहानी है। डिंडौरी जिला आज शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क एवं उद्योग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। जिले में प्राकृतिक संसाधनों की भरपूर संभावनाएँ हैं, जिनका उपयोग कर हम आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हैं।" उन्होंने कहा कि "प्रशासन का लक्ष्य है कि शासन की योजनाएँ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो।" कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रदेश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएँ और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाएँ। जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर हमें गर्व है कि हमारा प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। डिंडौरी जिले ने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए पंचायत स्तर पर अनेक योजनाएँ लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प एवं स्वदेशी संसाधनों को प्रोत्साहित कर हम प्रधानमंत्री के



आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जिले में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।


### आम सूचना

श्रीमती शैलकुमारी राय पति श्री जगनंदन राय निवासी गाडासरई तहसील बजाग जिला डिण्डौरी के द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गाडासरई तहसील बजाग जिला डिण्डौरी से अपने स्वामित्व व अधिपत्य-की संपति ग्राम गाडासरई तहसील बजाग जिला डिण्डौरी में स्थित खसरा नंबर 174/1/1/1/1 रकवा 447 वर्गमीटर पर संपति विरूद्ध ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उनके दस्तावेजो एवं सर्च रिपोर्ट के आधार पर उक्त संपति किसी भी बैंक, वितीय संस्था, निकाय, या व्यक्ति वगैरह के पास बंधक नही है और ना ही किसी प्रकार के लिटीगेशन अर्थात वाद विवाद के अंतर्गत किसी न्यायालय में विचाराधीन है, अतएव किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था, निकाय, या व्यक्ति वगैरह ने उक्त संपति पर ऋण दिया हो या कोई दावा उक्त संपति के संबंध में हो तो वे अपना दावा, आपति मेरे कार्यालय में या मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गाडासई में कार्यालीन समय में इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपति मान्य नही होगी।

भवदीय
सचिन कुमार जैन (अधिवक्ता)
कार्यालय :- चेम्बर नंबर 1, सिविल कोर्ट डिण्डौरी, फोन (07644) 234118
निवास :- वार्ड नं. 4 मेनरोड डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी, मध्यप्रदेश,
मो.नं.-9425164958, 8989471444

## खबर संक्षेप

### संत रावतपुरा सरकार अल्प प्रवास पर पहुंचे देवरी राजमार्ग



तेंदूखेड़ा प्रख्यात संत श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार अल्प प्रवास पर देवरी राजमार्ग पूर्व विधायक संजय शर्मा के निवास पर पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाराज जी का पूजन अर्चन किया। महाराज जी ने सभी श्रद्धालुओं से कुशलक्षेम पूछी एवं धार्मिक आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा हुई।

### श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 10 से

तेंदूखेड़ा आगामी 10 नवम्बर से समीपी ग्राम ईश्वरपुर में श्रीराम कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन साध्वी कथा व्यास प्रेमलता मिश्रा के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक किया जायेगा। आयोजक मंडल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि 10 नवम्बर को विशाल कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा जो 16 नवम्बर तक चलेगी तथा 17 नवम्बर को भंडारे के साथ समापन होगा।

### अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजय सिंह यादव गाडरवारा के न्यायालय द्वारा अवैध देशी शराब बेचने वाले आरोपी हेमंत नीरस पिता विनोद नीरस, आयु 34 वर्ष, निवासी अलका टाकीज के पास हनुमान वार्ड गाडरवारा, थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को मध्यप्रदेश आवकारी अधिनियम की धारा-34(2) में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

### आकाशवाणी जबलपुर से त्रिपाठी की कविताओं का प्रसारण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। ओज हास्य कवि अशोक त्रिपाठी नरसिंहपुर की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी जबलपुर द्वारा दिनांक 6नवम्बर को सांयकालीन 7.21 बजे कृषि जगत कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जायेगा। विदित हो कि अखिल भारतीय कवि अशोक त्रिपाठी टी व्ही चेनल के विभिन्न माध्यमों सहित दूरदर्शन और आकाशवाणी से अनेकों बार अपनी काव्य प्रस्तुति दे चुके हैं। इस अवसर पर इष्ट मित्रों सहित शुभचिंतकों ने उन्हें अपनी हार्दिक बधाइयां प्रेषित की हैं।

### रंगोली के प्रतिभागियों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार 3 नवंबर को नशा मुक्ति, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उपसंचालक सामाजिक न्याय, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### समय सीमा की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उक्त बैठक में समय सीमा पत्रकों सहित शासन की योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम नरसिंहपुर मणिन्द्र सिंह, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती ब्यारे, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती संघमित्रा गौतम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देवंती परते सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सिकलसेल बीमारी की जांच, उपचार एवं संचालित अभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सिकलसेल से पीड़ति मरीजों को चिन्हित कर उनका उपचार किया जाए। जिले में मौसमी बीमारी स्क्राइव टायफस के लिए जनजागरूकता हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### बीमारियों से बचाव हेतु चलाएं जागरूकता अभियान

उन्होंने कहा कि इस बीमारी से लोगों का बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं, व्यापक प्रचार- प्रसार तथा गांव- गांव में मुनादी कराएं। बैठक में आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने वाले व्यक्तियों के संबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि विभिन्न कम्पनियों के द्वारा विभागों में आउटसोर्स से लगे कर्मचारियों का मानदेय नियमित रूप से भुगतान कराना सुनिश्चित करें। जो कम्पनियां कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में मानदेय नहीं देती है, ऐसी कम्पनियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा संचालित शव वाहन सेवा के तहत दी जाने वाली परिवहन सेवा सुविधा की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहटा में की गई अनियमिताओं की शिकायत के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### नियमित रूप से बांटे खाद्यान्न

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, भूमि संबंधी विवाद के प्रकरण, कृषि विभाग द्वारा भूमि आवंटन और गौशालाओं के रखरखाव के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने आयोजित बैठक में किसानों के लिए खाद एवं उर्वरक वितरण की समीक्षा की। किसानों को खाद एवं उर्वरक सहजता से उपलब्ध कराने टोकन व्यवस्था तथा स्लॉट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में किसानों की मूंग फसल के भुगतान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने फसल बीमा योजना, उपभोक्ताओं को खाद्यान्न का नियमित रूप से वितरण करने और खेतों में नरवाई जलाने वालों पर की गई कार्यवाही के संबंध में समीक्षा की।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस की राशि जमा करें। उन्होंने विभागों द्वारा बैंकों में संचालित खातों के संबंध में जानकारी ली। विभागों द्वारा बैंकों में जो खाते लंबी अवधि से संचालित नहीं हो रहे हैं, ऐसे खातों की जांच कर राशि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण लेवल- 1 एवं लेवल- 2 पर संतुष्टिपूर्वक दर्ज करना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशु चिकित्सा सेवाएं, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# म.प्र. स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्थानीय शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना पर तीन दिवीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में क्रीड़ा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। समारोह के प्रथम दिवस महाविद्यालय परिसर में छात्राओं, प्राध्यापकों और कार्यालयीन स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से मध्य प्रदेश गान का गायन किया गया। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश को देश का हृदयस्थल बताते हुए कहा कि यह विविधताओं की भूमि है, जो परिश्रम, संस्कार और एकता की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कला और संस्कृति ने विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है तथा आज मध्य प्रदेश कृषि, उद्योग, शिक्षा, पर्यटन और ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी अंशुल खरे ने कहा कि मध्य प्रदेश केवल भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा के रूप में भी भारत का हृदय है। उन्होंने खजुराहो, सांची और भीमबेटका को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बताया। क्रीड़ा अधिकारी एल.एन. रजक ने कहा कि मध्य प्रदेश आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी जीवित रखे हुए है। वहीं एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने अपने संबोधन में नर्मदा नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल जीवनदायिनी ही नहीं, श्रद्धा और भक्ति की प्रतीक भी है। उद्बोधन के पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता हमारी संस्कृति विषय पर बस स्टैंड परिसर में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।इस अवसर पर डॉ. दीपिका चक्रवर्ती, नीरज पटेल, बिंदुबाला जैन, कु. चंद्रप्रभा नेमा, अंजना पाण्डे, महेश चैधरी, जी.एस. गोल्हानी, यदुनंदन शुक्ला, प्रतीक नेमा, कुंवरवती भारती, सीमा भारती, ज्योति शर्मा, कलीम खान कादरी, रुचि जैन, अभिषेक पाटवा, ममता सोनी, पुरन लाल साहू, ज्योति साहू, निर्मला अग्रवाल, गोदवारी बरमन, रितु गोयल, पतिराम गौड़ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



### स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर. पी आम्रवंशी के निर्देशन में कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रीति कौरव द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों की सरल एवं कुशल लेखनी थी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु पटैल, द्वितीय सोनम मलाह एवं तृतीय स्थान खुशी चैधरी व दुर्गा मलाह ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। निबंध प्रतियोगिता डॉ. दिलीप ग्वालिया, डॉ. मेघा मिश्रा, डॉ. अनिमेष पटैरिया, श्रीमती पुष्पा विश्वकर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न करायी गयी।

# महिला स्व सहायता समूह महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला स्वासहायता समूह की जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे मांग की गई है कि चांवरपाठा ब्लॉक की साझा चूल्हा योजना की लंबित राशि के शीघ्र भुगतान किया जावे। ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं ने बताया कि जिले के अधिकांश ब्लॉकों में जुलाई माह तक की राशि प्राप्त हो चुकी है, परंतु अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह की राशि अब तक नहीं मिली है। वहीं, चांवरपाठा ब्लॉक में जुलाई से अब तक की राशि लंबित है। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि समय पर राशि न मिलने से महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। समूहों द्वारा भोजन तैयार कर बच्चों को परोसा जा रहा है, लेकिन भुगतान न होने से समूहों को सामग्री खरीदने में कठिनाइयाँ आ रही हैं।महिलाओं ने मांग की कि अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह की राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए तथा जुलाई से लंबित राशि भी तत्काल जारी की जाए और भविष्य में भुगतान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती लोचन मेहरा सहित कई महिला समूहों की पदाधिकारी महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# आलोक संघ की नवीन कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक के तत्वाधान में स्थानीय ऑडिटोरियम हॉल, पीजी कॉलेज में चतुर्थ प्रतिभा सम्मान, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रगतिशील लोधी क्षत्रिय महासभा के मुख्य आतिथ्य में, लोकेश कुमार लिल्हारे, जीएसटी कमिश्नर जबलपुर, देवेंद्र सिंह पटेल गुड्डु भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत, श्रीमती अनीता राजेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत नरसिंहपुर, श्रीमती आरती सतीश पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत गोटेगांव, कंछेदी लाल पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरसिंहपुर, अशोक वर्मा जिला अध्यक्ष लोधी महासभा, श्रीमती मंजूलता पटेल महिला जिला अध्यक्ष लोधी महासभा, अजय प्रताप पटेल पार्षद एवं अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ नरसिंहपुर, राजकुमार पटेल जिला अध्यक्ष युवा लोधी समाज नरसिंहपुर, ठाकुर सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष लोधी महासभा, विनोद पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रगतिशील लोधी महासभा, चंद्र सिंह पटेल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक संघ,एस के गिरिया राष्ट्रीय कार्यालय महासचिव आलोक संघ के विशिष्ट आतिथ्य, आर एस लोधी प्रदेशाध्यक्ष आलोक संघ की अध्यक्षता एवं गोविंद सिंह पटेल प्रदेशाध्यक्ष नवोदय जागृति अभियान समिति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल द्वारा जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुये उनकी उपलब्धि पर बधाई व उन्हें कड़ी मेहनत हेतु प्रेरित कियास कैरियर गाइडेंस अंतर्गत प्रमुख मार्गदर्शक लोकेश कुमार लिल्लारे एस टी कमिश्नर एवं गजेंद्र नागेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर द्वारा सिविल सेवा परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मार्गदर्शन करते हुए लोकेश कुमार लिल्लारे ने कहा कि दृढ़ निश्चय, कठिन परिश्रम, अनुशासन, लग्न, नियमित अभ्यास एवं स्मार्ट स्टडी से किसी भी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में मंच संचालन रघुवीर सिंह लोधी एवं देवेंद्र पटेल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन हरनाम सिंह पटेल द्वारा किया गया।

# बीएलओ घर- घर सत्यापन कर मतदाताओं की गणना

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के मान से निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम प्रचलित है। बीएलओ के द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसम्बर 2025 तक मतदाताओं के घर- घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य, मतदाताओं को गणना फार्म वितरण कराना, फार्मों को भरने में मदद करना, मतदाताओं के घर जाकर गणना फार्म वापिस प्राप्त करना तथा इन फार्मों को मोबाइल एप के माध्यम से वितरण एवं वापिसी दर्ज करना आदि कार्य सम्पन्न किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभाग के अधीनस्थ अधिकारी- कर्मचारी जो बीएलओ नियुक्त हैं, उन्हें उपरोक्त अवधि में विभागीय कार्यों से मुक्त रखने रखे जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करते हुए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

# गोटेगांव की बेटी बनी आत्मनिर्भर भारत का चेहरा



गोटेगांव जब हमारी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर तिरंगे को ऊंचा लहराया, तब केवल जीत का परचम नहीं फहरा बल्कि यह संदेश गया कि भारत की बेटियां अब किसी सीमा में बंधने वाली नहीं है

इसी समय में जब एक गोटेगांव की बिटिया अंजली गुप्ता ने C A(चार्टर्ड अकाउंटेड )बनकर अपने सपनों को साकार किया आप *स्वर्गीयbरतनचंद गुप्ता माता श्रीमती पुष्पा गुप्ता की सुपुत्री हैं* इस बिटिया की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया की नारी के हाथों में सिर्फ पूजा की थाली नहीं अब अर्थव्यवस्था की कमान भी है यह वही परिवर्तन है जिसकी कामना हमारे शास्त्रों ने की थी ¥यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता¥जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं अंजली बिटिया को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं आपने साबित किया बेटियां सिर्फ घर नहीं इतिहास भी बनाती है

### धूमधाम से संपन्न हुआ तुलसी शालिगराम विवाहोत्सव





तेंदूखेड़ा नगर में तुलसी शालिगराम विवाहोत्सव की दो दिन तक धूम बनीं रही। कुछ मंदिरों में एकादशी पर तो नगर के पटवारी मुहल्ला स्थित नर्मदा मंदिर में द्वादशी तिथि में विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया।श्री सदगुरू विद्यापीठ से शालिगराम भगवान की विशाल बारात धूमधाम से निकाली गई।जो नर्मदा में में वरमाला परिणोत्सव के साथ संपन्न हुआ।बारात के मुख्य आयोजक पं चंद्रकांत चौबे थे तथा वधु पक्ष की रस्म मंगेश श्रीवास्तव एवं मुहल्ला वासियों के द्वारा निभाई गई। जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मंगल गीत बधाई गीत संगीत हुआ।